# कर्तव्य पथ की तरह होगी राजधानी में आर्मी परेड

## चीफ ऑफ आर्मी स्टॉफ उपेंद्र द्विवेदी के साथ समत्व भवन में सीएम ने की बैठक

### 15 जनवरी 2027 को होगी विशेष परेड

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 23 मार्च. प्रदेशवासियों को भारतीय सेना की समृद्ध सैन्य विरासत से परिचित कराने और प्रदेश के युवाओं को भारतीय सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आगामी सेना दिवस 15 जनवरी 2027 को भोपाल में विशेष परेड आयोजित की जाएगी.**

भोपाल में सेना दिवस पर होने वाले इन कार्यक्रमों में शामिल होने का अनुभव, गणतंत्र दिवस 26 जनवरी पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होने वाले कार्यक्रमों के समान होगा.

यह जानकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मुख्य सचिव अनुराग जैन और चीफ ऑफ आर्मी स्टॉफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी की उपस्थिति में मुख्यमंत्री समत्व भवन में आयोजित बैठक के दौरान दी गई. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने हर मौके



और मोर्चे पर अदम्य साहस, शौर्य और सामर्थ्य का प्रदर्शन किया है. देश के हर व्यक्ति और परिवार के लिए भारतीय सेना की शौर्य और बलिदान की परंपरा से जुड़ना गर्व का विषय है. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की राजधानी भोपाल में होने वाले इस आयोजन के लिए राज्य सरकार, भारतीय सेना को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी.

#### मप्र के स्थापना दिवस से होगी कार्यक्रमों की शुरुआत

बैठक में बताया गया कि सेना दिवस 15 जनवरी 2027 पर होने वाले इन कार्यक्रमों की शुरुआत 1 नवंबर मप्र स्थापना दिवस से होगी. स्थापना दिवस पर मेरी माटी अभियान के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न जिलों से मिट्टी लाकर भोपाल स्थित शौर्य स्मारक में संकल्प वृक्ष लगाया जाएगा. सेना दिवस 15 जनवरी की परेड के लिए 9, 11 और 13 जनवरी को अभ्यास होगा. इसी प्रकार 15 जनवरी की शौर्य संध्या के लिए 11 और 13 जनवरी को अभ्यास का क्रम रखा गया है. सैन्य प्रदर्शनी का आयोजन 7 से 12 जनवरी तक होगा. भोपाल के बड़े तालाब में 11 और 12 जनवरी को सैन्य अभ्यास होगा.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई सैन्य अधिकारियों की बैठक में सेना प्रमुख, जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बताया कि आगामी सेना दिवस 15 जनवरी को भोपाल में भव्य सेना दिवस परेड आयोजित की जाएगी.

# कमर्शियल सिलेंडरों के वितरण के लिये सभी कलेक्टर्स को निर्देश जारी



**भोपाल . खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की वितरण व्यवस्था के संबंध में प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर्स को निर्देश जारी किये गये हैं.**

निर्देश में कॉमर्शियल एलपीजी की वर्तमान खपत एवं आवश्यक सेवाओं की आवश्यकता को देखते हुए कॉमर्शियल एलपीजी का आवंटन प्राथमिकता क्रम अनुसार किया जायेगा. इसमें शैक्षणिक संस्था/चिकित्सा संस्थान में आवश्यकता का 100 प्रतिशत में आवंटन 30 प्रतिशत, आवश्यक सेवाएँ, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस, सुरक्षा बल, पुलिस, जेल, सामाजिक न्याय, महिला बाल विकास एवं अन्य विभाग के संस्थान, जहाँ वृद्ध महिला, बच्चे निवासरत हैं तथा एयरपोर्ट, रेलवे, दीनदयाल रसोई में 35 प्रतिशत, होटल 9 प्रतिशत, रेस्टॉरेंट, केटर्स 9 प्रतिशत, ढाबा, स्ट्रीट फूड वेण्डर 7 %, उद्योग (फार्मास्यूटिकल/ फूड प्रोसेसिंग/ पॉल्ट्री फूड, सीड प्रोसेसिंग) में 5 प्रतिशत और अन्य उद्योग एवं अन्य (प्रकरणवार निर्णय) में 5% का आवंटन होगा.

## एक नजर में

### अमरकंटक विश्वविद्यालय में 11 छात्र निष्कासित

**शहडोल.** अनूपपुर जिले स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय, अमरकंटक में छात्रावास में हुए विवाद के मामले में कुलसचिव ने 11 छात्रों एवं शोधार्थियों को विश्वविद्यालय से निष्कासित कर दिया है. आधिकारिक जानकारी के अनुसार 19 मार्च को ट्रांजिट भवन छात्रावास में इन छात्रों द्वारा घेराव और तालाबंदी की गई थी, जिसे अनुशासन समिति ने गंभीर अनुशासनहीनता माना है. इसी आधार पर कार्रवाई करते हुए संबंधित छात्रों को विश्वविद्यालय से बाहर करने का निर्णय लिया गया. प्रभावित छात्रों में कुमार मंगलम और जयगणेश दीक्षित सहित कुल 11 छात्र शामिल हैं.

### हथियार तस्कर गिरफ्तार 5 देशी पिस्टल बरामद

**बड़वानी.** जिले के निवाली थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पांच देशी पिस्टल सहित अन्य सामग्री जब्त की है. थाना प्रभारी आर.के. लोवंशी ने बताया कि पुलिस को पलसूद रोड स्थित सिदड़ी फाटा के पास बिना नंबर की मोटरसाइकिल के साथ एक संदिग्ध व्यक्ति के घूमने की सूचना मिली थी. सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया. गिरफ्तार आरोपी की पहचान कृपाल सिंह टकराना निवासी उंडी खोदरी के रूप में हुई है. तलाशी के दौरान उसके पास से पांच देशी पिस्टल, एक मोबाइल फोन, बिना नंबर की मोटरसाइकिल, एक बैग और नकदी बरामद की गई है.

# अब शासकीय सेवकों को मिलेगा 58 फीसदी डीए

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 23 मार्च. शासकीय सेवकों को राज्य सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है. उन्हें अब 3 फीसदी अतिरिक्त मंहगाई भत्ता मिलेगा, इसी तरह पेंशनरों को भी 3 फीसदी मंहगाई राहत का फायदा मिलेगा. ये भत्ता एक जुलाई 2025 से देय होगा. शासकीय सेवकों का डीए बढ़कर अब 58त्न हो जाएगा. कैबिनेट ने गुरुवार को इस संबंध में पेश प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है.**

निर्णय के तहत एक जुलाई, 2025 से 31 मार्च तक की एरियर राशि का भुगतान छः समान किश्तों में किया जायेगा. प्रथम किश्त का भुगतान मई माह में, द्वितीय किश्त का भुगतान माह जून में, तृतीय किश्त का भुगतान माह जुलाई में, चतुर्थ किश्त का भुगतान माह अगस्त में, पांचवी किश्त का भुगतान माह सितम्बर में और छठवी किश्त का भुगतान माह अक्टूबर में किया जायेगा. वहीं बढ़े हुए डीए का नगद लाभ अप्रैल का वेतन जो कि मई में देय होगा, मिलना शुरू हो जाएगा. 3 फीसदी डीए बढ़ने से शासकीय सेवकों को प्रतिमाह 465 रुपए से 4230 रुपए का फायदा होगा, वहीं उन्हें 4185 रुपए से लेकर 38070 रुपए एरियर भी किश्तों में मिलेगा. एक जनवरी, 2025 से 31 मार्च, 2026 की अवधि में सेवानिवृत और मृत शासकीय सेवकों के संबंध में उन्हें अथवा नामांकित सदस्य को एरियर राशि का भुगतान एकमुश्त किया जायेगा. छठवें वेतनमान के कार्मिकों एवं निगम, मंडल, उपक्रम के राज्य शासन में प्रतिनियुक्ति पर राज्य शासन में कार्यरत पांचवें एवं चौथे वेतनमान अंतर्गत कार्मिकों को समानुपातिक आधार पर मंहगाई भत्ता में बढ़ोतरी के लिए वित्त विभाग को अधिकृत किया गया.

### प्रतिवर्ष 4 हजार ओबीसी युवाओं को सुरक्षा बलों में भर्ती के लिए प्रशिक्षण देने की तैयारी

कैबिनेट ने प्रदेश के अन्य पिछड़े वर्ग के युवक-युवतियों को सैन्य बल एवं अन्य समकक्ष सुरक्षा बलों, पुलिस, होमगार्ड एवं निजी सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती के लिए सक्षम बनाने लिए शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना 2026 का संचालन किये जाने की स्वीकृति प्रदान की है. स्वीकृति अनुसार प्रतिवर्ष अन्य पिछड़े वर्ग के 4000 युवाओं को सैन्य बल एवं अन्य समकक्ष सुरक्षा बलों में भर्ती के लिए आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा. प्रशिक्षण अवधि में पात्र पुरुष अभ्यर्थी को एक हजार रूपये प्रति माह तथा महिला अभ्यर्थी को 1100 रूपये प्रति माह की दर से शिष्यवृत्ति भी उपलब्ध कराई जायेगी. स्वीकृति अनुसार प्रदेश के 10 स्थानों पर स्थापित 40 केन्द्रों पर महिला एवं पुरूष उम्मीदवारों को अलग- अलग प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा.

### इन महत्वपूर्ण प्रस्तावों को भी मिली मंजूरी

6,940 करोड़ रुपये के विभिन्न निर्माण और विकास कार्यों की दी मंजूरी, स्वीकृति अनुसार वाणिज्य कर विभाग के तहत ग्रामीण आवास एवं परिवहन अधोसंरचना विकास के लिए 2,933 करोड़ सहित अन्य 9 योजनाओं की वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक निरंतरता रहेगी. इसी तरह लोक निर्माण विभाग के तहत मंत्रालय भवन के निर्माण, विधानसभा एवं विधायक विश्राम गृह, नवीन विधायक विश्राम गृह के निर्माण के लिए 691 करोड़ रूपये, शासकीय आवास गृह, स्टेट गेस्ट हाउस और कार्यालय निर्माण के लिए 731 करोड़ रूपये, परियोजना क्रियान्वयन इकाई सम्बन्धित कार्य के लिए 565 करोड़ रूपये और राजधानी परियोजना का स्थापना व्यय के लिए 379 करोड़ रूपये सहित संबंधित 17 योजनाओं की वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक निरंतरता की स्वीकृति.

### अतिथि शिक्षकों को 18 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय मिलेगा

कैबिनेट ने सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तहत दिव्यांगता के क्षेत्र में संचालित संस्थाओं में अतिथि शिक्षकों को स्कूल शिक्षा विभाग के अतिथि शिक्षक वर्ग-1 के समरूप प्रतिमाह 18 हजार रूपये मानदेय दिया जाने का निर्णय लिया है. कैबिनेट ने भारत सरकार द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र में पूरक पोषण आहार में की गयी वृद्धि के अनुरूप, प्रदेश के समस्त संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों में 6 माह से 6 वर्ष आयुवर्ग के अति कम वजन के बच्चों के लिए पूर्व निर्धारित प्रतिदिन प्रति हितग्राही राशि 8 रुपये से बढ़ाकर 12 रुपये कर दिया है.

# मध्यप्रदेश के कई जिलों में बारिश का अलर्ट

### 26 मार्च से बदलेगा मौसम
### 20 जिलों में बारिश के आसार

**भोपाल, 23 मार्च. मध्यप्रदेश में मार्च के अंतिम सप्ताह में मौसम एक बार फिर बदलने जा रहा है. मौसम विभाग, भोपाल ने 26 मार्च से प्रदेश के कई इलाकों में बारिश की संभावना जताई है. खासतौर पर जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के 20 से अधिक जिलों में इसका असर देखने को मिल सकता है.**

उत्तर-पश्चिम भारत में एक नया पश्चिमी विक्षोभ 26 मार्च से सक्रिय होगा, जिसका प्रभाव



मध्य प्रदेश तक पहुंचेगा. इस सिस्टम के कारण बादल छाने और हल्की बारिश की स्थिति बन सकती है, जिससे तापमान में गिरावट आने की उम्मीद है. हालांकि, इससे पहले प्रदेश में अगले तीन दिनों तक गर्मी का असर तेज रहेगा. दिन के तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने की संभावना है, जिससे लोगों को दोपहर के समय अधिक गर्मी का सामना करना पड़ सकता है. फिलहाल दक्षिण-पश्चिम राजस्थान और उससे लगे पाकिस्तान क्षेत्र में एक चक्रवाती सिस्टम सक्रिय है, लेकिन इसका असर मध्य प्रदेश पर नहीं पड़ रहा है.

प्रमुख शहरों में उज्जैन में 34 डिग्री, इंदौर में 33.3 डिग्री, भोपाल में 33 डिग्री, ग्वालियर में 31.8 डिग्री और जबलपुर में 31.3 डिग्री तापमान दर्ज किया गया. वहीं नर्मदापुरम सबसे गर्म रहा, जहां पारा 37.7 डिग्री तक पहुंच गया. रायसेन, रतलाम और खरगोन-नरसिंहपुर में भी तापमान 36 से 37 डिग्री के बीच दर्ज हुआ. मौसम विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि गर्मी के इस दौर में सतर्क रहें और आने वाले दिनों में मौसम में होने वाले बदलाव के लिए तैयार रहें.

### दुष्कर्म के बाद हत्या का खुलासा, 5 गिरफ्तार

**भिण्ड.** मध्यप्रदेश में भिण्ड जिले के अटेर अनुभाग के सुरपुरा थाना क्षेत्र के सोई गांव में बोरी में मिली नवविवाहिता की लाश के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस के अनुसार 24 फरवरी को अटेर क्षेत्र के बढ़पुरा निवासी 20 वर्षीय नवविवाहिता घर से सामान लेने निकली थी, जिसके बाद वह लापता हो गई. 26 फरवरी को सोई गांव के पास बंवा पुलिया के नजदीक उसका शव बोरी में मिला था. मामले की जांच के दौरान पुलिस को शव के साथ मिली बोरी में दूब घास और आम, जामुन, अमरूद व आंवला के पत्ते मिले, जिसके आधार पर जांच की दिशा बदली गई.

# जल संरक्षण पर जनभागीदारी जरूरी

### आरसीवीपी नरोंहा अकैडमी में हुआ आयोजन

**भोपाल, 23 मार्च. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने राजधानी स्थित आरसीवीपी नरोंहा प्रशासनिक अकैडमी में आयोजित 'नेशनल एक्विफर मैपिंग एंड मैनेजमेंट प्रोग्राम की राज्य स्तरीय कार्यशाला में भाग लिया.**

इस दौरान उन्होंने भूजल संरक्षण और जल संसाधनों के सतत प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जल संरक्षण आज एक जनआंदोलन का रूप ले चुका है. जल संकट से निपटने के लिए जनभागीदारी को अत्यंत



महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने लोगों से इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की. उप मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण को जल प्रबंधन से जोड़ते हुए कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण और संतुलित उपयोग समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि यदि अभी से ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में जल संकट और गंभीर हो सकता है. कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों और विशेषज्ञों को संबोधित करते हुए शुक्ल ने सभी संबंधित पक्षों से समन्वित प्रयास करने का आह्वान किया, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके.

# पत्नी की हत्या का आरोपी पति और दो धराए

## हत्या कर घटना को दुर्घटना का रूप देने का किया था प्रयास

**सागर 23 मार्च. सानौधा थाना क्षेत्र अंतर्गत चनाटौरिया टोल टैक्स प्लाजा पर हत्या को दुर्घटना के रूप देने का प्रयास करने वाले मुख्य आरोपी डॉक्टर और दो सहयोगियों पैथोलॉजी संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.**

जिनके द्वारा सुनियोजित षड्यंत्र रचते हुए अपनी ही पत्नी की हत्या कर घटना को दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गढाकोटा मे निजी क्लिनिक का संचालन करने वाला डॉक्टर अपनी पत्नी को कार में लेकर चनाटोरिया टोल टैक्स के पास पहुंचा. घटना से पूर्व आरोपी द्वारा पत्नी के मायके पक्ष को फोन



कर यह बताया गया कि उसकी पत्नी को हार्ट अटैक आया है और वह उसे अस्पताल लेकर जा रहा है. इसके बाद चनाटोरिया के पास कार में आग लगने की घटना के पश्चात पुनः फोन कर बताया गया कि गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया है और उसमें आग लग गई है. जांच में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी डॉक्टर के किसी अन्य महिला से अवैध संबंध थे, जिसके कारण पति-पत्नी के बीच लगातार विवाद होता रहता था. इसी कारण आरोपी ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर पत्नी की हत्या की साजिश रची और उसे अंजाम दिया.

### ब्राउन शुगर के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**खरगोन.** जिले की सनावद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से ब्राउन शुगर और अन्य सामग्री जब्त की है. थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव ने बताया कि अनाज मंडी क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध युवकों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वे भागने लगे. पीछा कर पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पवन वर्मा निवासी बड़वाह और मोईन शेख निवासी सनावद के रूप में हुई है. तलाशी में उनके पास से 12.65 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई, जिसकी कीमत करीब 1.25 लाख रुपये आंकी गई है.

# रेलकर्मियों की सतर्कता से टलीं 7 बड़ी दुर्घटनाएं

## डीआरएम ने 7 कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार से किया सम्मानित

**भोपाल, 23 मार्च. भोपाल मंडल में रेलकर्मियों की सतर्कता और सूझबूझ से कई संभावित रेल दुर्घटनाएं टल गई. इन सराहनीय कार्यों के लिए मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने 7 कर्मचारियों को 'संरक्षा पुरस्कार' और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया.**

फरवरी और मार्च 2026 के दौरान मंडल के विभिन्न रेल सेक्शनों में कर्मचारियों ने समय रहते तकनीकी खामियों को पहचानकर बड़ी घटनाओं को होने से रोका. 28 फरवरी को पावरखेड़ा स्टेशन पर प्वाइंट्समैन दीपेश पटेल ने एक्सप्रेस ट्रेन में



असामान्य गंध महसूस की, जिसके बाद ट्रेन को रोककर जांच की गई. इसमें ब्रेक ब्लॉक जाम मिले, जिससे बड़ा हादसा टल गया. इसी तरह 27 फरवरी को बुधनी स्टेशन पर और 4 व 6 मार्च को पावरखेड़ा व सोरई स्टेशनों पर भी कर्मचारियों ने समय रहते ब्रेक जाम और धुएं की समस्या को पहचानकर ट्रेनों को रोका.

1 मार्च को चारखेड़ा खुर्द और 3 मार्च को गुना-ग्वालियर सेक्शन में 'हॉट एक्सल' जैसी गंभीर तकनीकी खामियों का पता लगाकर ट्रेनों को सुरक्षित रोका गया. इन घटनाओं में कर्मचारियों की तत्परता से न केवल रेलवे संपत्ति की सुरक्षा हुई, बल्कि यात्रियों की जान भी सुरक्षित रही. डीआरएम पंकज त्यागी ने सभी कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी सजगता ही सुरक्षित रेल संचालन की नींव है. इस दौरान वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे और सभी ने कर्मचारियों के समर्पण की प्रशंसा की.

## उत्तरदायित्व — कार्यभार संभालने के पहले पहुंचे प्रदेश भाजपा मुख्यालय

# पवैया ने वित्त आयोग अध्यक्ष का पदभार किया ग्रहण

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 23 मार्च. पूर्व मंत्री जय भान सिंह पवैया ने सोमवार को मंत्रालय में मप्र राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ल मौजूद थे.**

उप मुख्यमंत्री देवड़ा और शुक्ल ने पवैया को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में राज्य वित्त आयोग पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों को और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. इस अवसर पर



जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री सम्पतिया उइके तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने भी पवैया को शुभकामनाएं दीं. इससे पहले पवैया ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश से मुलाकात की. शिवप्रकाश ने पवैया को मिष्ठान्न खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया तथा नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं. उसके बाद पवैया ने पार्टी के शिवप्रकाश सहित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया.

### कार्यप्रणाली समझने के बाद मैदानी स्तर पर भ्रमण करेंगे : पवैया

भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया से चर्चा करते हुए पवैया ने कहा कि मैंने पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों और सिद्धांतों से प्रेरणा लेकर सेवा करने का संकल्प लिया है. उन्होंने कहा कि वह अपनी पूरी क्षमता व ऊर्जा से मप्र की सेवा करेंगे. मैंने आयोग की कार्यप्रणाली और उद्देश्यों को समझने के पश्चात मैदानी स्तर पर भ्रमण करने की योजना बनाई है. नगरीय और पंचायत निकायों के वित्तीय विकास का अध्ययन कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी. राज्य के करों का वितरण नगरीय और पंचायत निकायों के बीच किस प्रकार किया जाए, इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि हर क्षेत्र में समान और संतुलित विकास सुनिश्चित किया जा सके.

## पेज एक का शेष

# कमर्शियल सिलेंडर पर कोटा सिस्टम लागू

### किसे कितना मिलेगा सिलेंडर

प्राथमिकता क्रम - संस्थाओं के नाम - आवंटन प्रतिशत

1- शैक्षणिक संस्थान, चिकित्सा संस्थान - 30

2- आवश्यक सेवाएं, केंद्रीय सशस्त्र बल, सुरक्षा बल, पुलिस, जेल, सामाजिक न्याय व महिला बाल विकास विभाग व अन्य विभाग के संस्थान जहां वृद्ध, बच्चे, महिला निवासरत हैं. एयरपोर्ट, रेलवे, दीनदयाल रसोई - 35

3 -ए . होटल - 9
बी. रेस्टोरेंट, केटर्स - 9
सी - ढाबा, स्ट्रीट फूड वेंडर - 7

4-उद्योग, फार्मास्यूटिकल, फूड प्रोसेसिंग, पॉल्ट्री फूड, सीड प्रोसेसिंग - 5

5 - ए . अन्य उद्योग प्रकरण वार निर्णय - 5
बी. अन्य प्रकरण वार निर्णय

### 5 से लेकर 425 केजी के पैक्ड में मिलेगा सिलेंडर

राज्य सरकार ने जो नई व्यवस्था बनाई है उसके मुताबिक कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति 5 केजी, 19 केजी, 47.5 केजी और 425 केजी के पैक्ड सिलेंडरों में की जाएगी.

### आपूर्ति की मात्रा तीन माह के औसत खपत से तय होगी

विभाग ने जमाखोरी रोकने के लिए भी पुख्ता इंतजाम किए हैं, उसके मुताबिक जमाखोरी रोकने के साथ ही सभी को समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक उपभोक्ता को आपूर्ति की जाने वाली दैनिक मात्रा संबंधित ओएमसी सॉफ्टवेयर सिस्टम में दर्ज पिछले तीन माह के दौरान औसत खपत के आधार पर निर्धारित की जाएगी. यह भी व्यवस्था तय की गई है कि ओएमसी अपने- अपने सिस्टम के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग अनुरोध स्वीकार करेंगे और रिफिल अनुरोधों का बाकायदा तिथिवार रिकॉर्ड भी रखेंगे. यह भी तय किया गया है कि प्रत्येक प्राथमिकता के तहत लंबित आवश्यकताओं को उपलब्धता के अधीन यथासंभव अगले दिन पूरा किया जाएगा.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14